## खबर संक्षेप

### दिव्य हरे माधव सत्संग, प्रवचन, पावन दर्शन आयोजन 5 मार्च को

**मण्डला।** आध्यात्मिक सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी का आगमन मंडला में 5 मार्च बुधवार को डिंडौरी रोड खैरी में स्थित स्थानीय लॉन में होने जा रहा है। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी, शाखा मंडला के सेवादार सदस्यों के द्वारा बताया गया कि हरिराया पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी का मंडला की पावन नगरी में आगमन को लेकर सभी आवश्यक विशेष तैयारियां की गई हैं। दोपहर 1 बजे कटरा बायपास में बाबा ईश्वर शाह जी की अगुवानी, स्वागत सत्कार किया जाएगा। इसके पश्चात पड़ाव से हरे माधव सत्संग भवन सुभाष वार्ड, झूलेलाल कॉलोनी तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शाम 6 बजे डिंडोरी रोड स्थित स्थानीय लॉन में दिव्य हरे माधव सत्संग, पावन दर्शन का विशेष आयोजन किया गया है। बताया गया कि बहुत सौभाग्य से यह सुअवसर प्राप्त हुआ है। सतगुरु दर्शन एवं उनके पावन सान्निध्य में सत्संग की अमृतवाणी श्रवण का लाभ प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम किसी एक जाति, धर्म, वर्ग, पद के लिए सीमित नहीं है अपितु सभी आम जनों के लिए है। आयोजन में हरे माधव रूहानी बाल संस्कार के बच्चों के द्वारा मधुरम प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन में बड़ी संख्या में साध संगत आने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजन के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है इसमें सभी शामिल जन प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजन को सफल बनाने एवं धर्म लाभ लेने के लिए समिति सदस्यों ने धर्म आध्यात्म प्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपेक्षा की है।

## सीएम राइज स्कूल में घटिया निर्माण का लग रहा आरोप

# जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

*** छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से किया जा रहा खिलवाड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

किसी भी बड़े निर्माण में नींव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और आज के समय में बड़े निर्माण जिस तकनीक से होते हैं उनमें कांक्रीट की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है ऐसे में यदि कांक्रीट का मसाला बनाने में लापरवाही हो रही हो और फिर कांक्रीटकरण के बाद यदि अच्छी तरह से तराई न की जाये तो फिर कांक्रीटकरण की संरचना मजबूत नहीं हो सकती और यदि इस तरह से कॉलम खड़े किये जा रहे हैं और छत ढाली जा रही हो तो फिर निर्माण के स्थायित्व एवं उसकी मजबूती पर तो सवाल खड़े ही किये जायेंगे। इन्हीं आशंकाओं के बल पर क्षेत्र के लोग चिंताग्रस्त हैं चूंकि यह निर्माण एक ऐसे स्कूल भवन का है जिस पर आने वाले समय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें अध्ययन करेंगे और इसी छत के नीचे विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा भी बनेंगे ऐसे में यदि यह ईमारत कमजोर होगी या लोगों नजरों में कमजोर मानी जायेगी तो फिर सवाल उठाना लाजमी है।





मण्डला से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम सागर में सीएम राइज स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ऊपर के लेंटर के लिए मटेरियल प्लांट से बनकर आना था परंतु ठेकेदार के मनमानी के चलते मटेरियल यही छोटी मशीन से बना कर डाला जा रहा है जिससे मटेरियल क्वालिटी अच्छी नहीं है सभी जगह के लेंटर छोटी मशीन से ही मसाला बनाकर डाले जा रहे हैं इससे लेटर कमजोर डल रहा हैं अभी से लेंटर में रेत गिट्टी निकल रही है ठेकेदार के द्वारा लीपा पोती कर लेटर में फिर से मसाला बिछाया जा रहा वही करोड़ों की बिल्डिंग में ठेकेदार के द्वारा कोई तराई नहीं की जा रही है इससे बिल्डिंग की क्वालिटी में सवाल उठा रहे हैं वही जवाबदार लोगों का कहीं कोई अता-पता नहीं है अगर ऐसा ही चला रहा तो कुछ ही समय में करोड़ों की बिल्डिंग धराशाई हो जाएगी जिसकी जवाबदारी किसकी होगी यह तो पता नहीं मगर ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं जिला प्रशासन से क्षेत्रीय जनता की अपील है कि इस बिल्डिंग के निर्माण में ध्यान दिया जाए जिससे भविष्य में यह बिल्डिंग बच्चों के काम में आ सके अन्यथा ठेकेदार तो पैसे कम कर चला जाएगा परंतु क्षेत्र की जनता रोते रह जाएगी।

क्षेत्रीय नेताओं के संरक्षण में कर रहा ठेकेदार काम सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कुछ दिग्गज नेता है जिनके सपोर्ट में है सब कार्य हो रहा है जबकि इस बिल्डिंग में हजारों ट्राली से भी ऊपर मुर्रम एवं मिट्टी की पुराई की गई है जो की पूर्ण रूप से अवैध तरीके से खुदाई कर की गई है परंतु इस निर्माण कार्य में किसी भी प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं है पता नहीं ठेकेदार पर क्यों मेहरबान है शासन एवं प्रशासन।

### इनका कहना :-

*सीएम राइज स्कूल सागर में ठेकेदार के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य कराया जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता ने असंतोष है अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए जिससे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ना हो।*

**-कृष्ण कुमार चौकसे, समाजसेवी**

## दिगम्बर जैन मंदिर में रत्नों की मूर्तियों का हुआ महामस्तिकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव 3/3/2025 से 5/3/2025 तक का कार्यक्रम - श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में हल्दी मेंहदी हुई। श्री पाश्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में रजतमयी वेदी का निर्माण हुआ है उस उपलक्ष्य में आज भगवान की शोभायात्रा श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी में नगर भ्रमण करते बा.ब्र. अभय भैया जी के सानिध्य में नगर के सभी मुख्य पात्र समाज के सभी परिजन कमेटियों ने वढचढ कर भाग ले रहे हैं। भगवान की पूजन, श्री शांतिनाथ विधान हुआ। ध्वजारोहण भी हुआ शोभायात्रा पडाव जैन मंदिर जी पहुंची। रात्रि में भव्य महा आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुंदर नाटिका यागमंडल विधान आदि अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं।



## बढ़ार एवं खुर्सीपार में लगाया गया निःक्षय शिविर

**मण्डला।** 100 दिवसीय निःक्षय शिविर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़ार एवं खुर्सीपार में निःक्षय शिविर लगाया गया। बीएमओ बम्हनी के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में लगातार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को टी.बी. की बीमारी की जानकारी दी गई एवं टी.बी. मुक्त अभियान की शपथ दिलाई गई। टीबी बीमारी की स्क्रीनिंग कार्य कराया गया। साथ ही 117 वर्न्यूरवल पॉपुलेशन का एक्स-रे किया गया और ग्राम के लोगों को टीबी की बीमारी के लक्षण बताए गए। साथ ही लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में जाकर जांच कराने की सलाह दी गई।

# टीएल के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें-श्रेयांश कूमट

*** समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि टीएल के प्रकरणों को प्राथमिकता से लें, उनका स्टेटस स्वयं देखें एवं समय पर उनके जवाब प्रस्तुत करें, जिससे समय पर टीएल के प्रकरण डिस्पोज किये जा सकें। उच्च न्यायालय से संबंधित अवमानना प्रकरण तथा रिट पिटीशन में प्रकरणवार केश फाईल तैयार करें। फाईलों में प्रकरण की पूरी डिटेल रखें। उच्च न्यायालय के शिक्षकों से संबंधित पुराने प्रकरणों में जनपद पंचायतों को दिए गए डायरेक्शन के केसेस पृथक से लिस्ट करें।

सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने निःक्षय अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शेष स्क्रीनिंग शीघ्र पूर्ण करें। चेस्ट एक्स-रे करने के साथ-साथ पोर्टल पर इसकी ऑनलाईन एंट्री भी सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया कि निःक्षय अभियान की मॉनिटरिंग अनुविभाग स्तर से करें जिससे अभियान के लक्ष्य समय पर पूर्ण हो सकें। ई-ऑफिस प्रणाली के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि जिला तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों की मेल आईडी बनवाएं, शाखावार इसका मास्टर डेटा भी तैयार करें। समस्त अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी ई-ऑफिस विषयक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि विभाग प्रमुख इसे प्रतिदिन मॉनीटर करें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों पर विशेष ध्यान दें। जिले की रैंकिंग जारी होने में अभी पर्याप्त समय है। सभी विभाग ए श्रेणी में आने का प्रयास करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में यह सबसे बड़ा टास्क होने वाला है, इसलिए पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक तैयारियाँ भी रखें। बैठक में विभिन्न अंतर्विभागीय बिंदुओं पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, श्री हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम निवास शाहिद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सनातन धर्म को आगे ले जाने के लिए अंधकार और आडंबर को त्यागना होगा ममता किशोरी जी






हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम खैरी में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है कथा का आज पांचवे दिन है था जिसमे का कथा भी वाचक जी ने बताया कि जिस प्रकार कंस का अपने आप को संसार का सबसे बलशाली और ज्ञानवान समझने लगा था और अहिंकार से परीपूर्ण हो गया था इसी वजह से उसका अंत हो गया है आज के इस युग में अभी लोगो को भगवान की भक्ति में अपना ध्यान लगाना चाहिए और अहंकार आडंबर को त्यागना चाहिए कल कथा में गोवर्धन पर्वत की लीला बखान किया जाएगा।

**कार्यवाही** | **मुर्रम के अवैध उत्खनन पर कार्यवाही, तीन पर 28.13 लाख रूपये का जुर्माना।**

# रेत के अवैध उत्खनन पर क्या श्रीमान करेंगे कार्यवाही


*** क्या रेत के डम्फरों का भी कर सकते हैं पीछा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन पिछले काफी समय से जारी है लेकिन कुछ मामलों में विभाग एवं प्रशासन जहां त्वरित कार्यवाही करता है तो वहीं अधिकांश मामलों की ओर से आंख बंद किया रहता है। पिछले कई महीनों से बक्छेरादौना रेत खदान से अवैध रूप से रेत उत्खनन जारी है लेकिन आज दिनांक तक किसी भी अधिकारी की हिम्मत नहीं हुई कि खदान पर जाकर कार्यवाही कर सकें।

नर्मदा नदी के अंदर बड़ी-बड़ी मशीनों के माध्यम से रेत उत्खनन की जा रही है क्या यह नियम विरूद्ध नहीं? नर्मदा नदी के अंदर हजारों ट्राली मिट्टी, मुर्रम डालकर नर्मदा के स्वरूप को प्रभावित किया गया है क्या यह नियम विरूद्ध नहीं, नर्मदा नदी के अंदर बड़े-बड़े वाहनों की आवाजाही हो रही है क्या यह नियम विरूद्ध नहीं, बिना नम्बर प्लेट के बड़े-बड़े वाहनों में ऊपर तक लबालब रेत भरी होती है जिसमें से पानी रिसता रहता है क्या यह नियम विरूद्ध नहीं लेकिन न तो खनिज विभाग के किसी अधिकारी ने इस खदान पर जाकर कार्यवाही करने का प्रयास किया और न ही परिवहन विभाग के किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा रेत के ऐसे वाहनों को पकड़ा गया और न ही किसी प्रशिक्षु अधिकारी ने ऐसे वाहनों का पीछा ही किया।





न्यायालय अपर कलेक्टर, मण्डला

// कारण बताओ नोटिस //

लेकिन दूसरी ओर जिले में प्रशासन ने अवैध खनन के मामले में सख्त कदम उठाते हुए बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के भाई राजसिंह पट्टा समेत तीन लोगों पर 28.13 लाख रुपये का अर्थदंड प्रस्तावित किया है।

8 फरवरी को राजस्व विभाग घुघरी के दौरे के दौरान ग्राम खमतरा में निजी भूमि पर अवैध खनन पकड़ा गया। मौके पर जेसीबी से मुरूम का उत्खनन हो रहा था और बिना नंबर के ट्रैक्टर में मुरूम भरा जा रहा था। जांच में पाया गया कि 1875 घनमीटर मुरूम का अवैध उत्खनन किया गया।

मध्य प्रदेश खनिज नियमों के तहत प्रशमन करने पर 28.13 लाख रुपये का जुर्माना और प्रशमन न करने पर 56.25 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया जा सकता है। अपर कलेक्टर ने राजसिंह पट्टा, रामलाल और रामस्वरूप को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें 5 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अनुपस्थित रहने या जवाब न देने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

इस मामले की शुरुआत तब हुई जब प्रशिक्षु आईएएस आकिप खान अवैध खनन की शिकायत पर मौके पर पहुंचे और जेसीबी चालक का पीछा करते हुए विधायक के घर तक जा पहुंचे थे।

## निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें-सीईओ श्री कूमट



**मण्डला।** नारायणगंज क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को खैरी में निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच करें। संबंधित उपयंत्री निर्माण कार्य का समय समय पर अनुश्रवण करें, जिससे भवन निर्माण समय पर पूर्ण हो, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय नागरिकों को शीघ्र उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज श्री गौरीशंकर डेहरिया सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सुहागिनों ने अपने परिवार की ख़ुशी और पति की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला सुहागले महिलाओं के लिए एक पर्व से काम नहीं जिसमें हर सुहागन अपने परिवार के लिए खुशहाली और अपने पति के लंबी उम्र की कामना करती है जिसमे अपने परिवार के प्रति महिला का प्रेम समर्पण दिखता है हर महिला यही चाहती है कि जब वह संसार से विदा हो तो सुहागन विदा हो ऐसी अनेक मान्यताएं हैं जो केवल हमारे भारतवर्ष में ही देखी जा सकती है इस कार्यक्रम पर आज चौरसिया परिवार के द्वारा सुहागले रखे गया जिसमें सैकड़ो किसी संख्या में महिलाओं ने अपने परिवार की खुशियों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उमरवाड़ा जनपद पंचायत बिछिया, जिला- मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/ग्रा.पं./Q/2025 **निविदा सूचना** दिनांक 01/03/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत उमरवाड़ा में वर्ष 2024-2025 में जी.पी.डी.पी. एवं अन्य में शामिल व स्वीकृत 15 वां वित्त स्टाम्प शुल्क व अन्य मद से पाईप लाईन विस्तारीकरण में आवश्यक सामग्री - पाईप, वॉल, टोटी, JCB, पाईप लाईन फिटिंग मिस्त्री की आवश्यकता है। निविदा प्रकाशन 5 दिवस के अंदर जी.एस.टी. धारक कार्यालयीन समय पर बन्द लिफाफा में दर प्रस्तुत करें।

| बैजन्ती कुर्वेती | सदाराम उइके | मुकेश परते |
|---|---|---|
| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| ग्रा. पंचा. उमरवाड़ा | ग्रा. पंचा. उमरवाड़ा | ग्रा. पंचा. उमरवाड़ा |
| 9617596057 | 9691669643 | 9340865993 |

## खबर संक्षेप

### लाठी मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये नगर के माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह मजदूरी कार्य करने के बाद वापिस घर आ रहा था उसी दौरान रोड पर मुहल्ले का भूरा जावट नामक युवक मिला और पुरानी बुराई की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### एक राय होकर की गई मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शनि मंदिर के पास विवेकानंद वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से पुराने बस स्टेन्ड गया हुआ था उसी दौरान संजय कहार, शांतनु तिवारी कूका आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडे से मारपीट कर चोटे पहुंचाई उसी दोरान सत्यम शर्मा तथा संदीप तिवारी भी आ गये और सभी ने एक साथ मिलकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### दो ने मिलकर की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये शास्त्री वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत में बताया है कि जब वह रात के समय घर से कुंभ प्रयागराज जाने के लिये निकला हुआ था उसी दौरान रास्ते में अज्जू छीपा व चीकू कहार मिले बगैर किसी कारण के गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने शिकायत कर्ता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेती की बात को लेकर दी गई जान से मारने की धमकी

**गाडरवारा।** समीपस्थ डोगरगांव थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम चांदनखेडा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैंने तथा गांव के प्रकाश पिता अजमेर पाली ने मिलकर ग्राम हीरापुर की रहने वाली गरमबाई की ग्राम बाघाकुडी मौजा मे स्थित 3 ऐकड 99 डिस्मिल जमीन मैंने तीन वर्ष के लिए एक लाख 10 हजार रूपये मे 17 फरवरी 2022 से 25 जुलाई 2025 तक सिकमी बतौर ली गई है। जिसमे मैं खेती किसानी कर रहा हूं। बीते हुये दिवस जब मैं अपने सिकमी वाले खेत की गन्ना फसल देखने गया था जहा पर ग्राम हीरापुर का गरमबाई का भतीजा अमित कौरव ट्रेक्टर लिए मिला जो मुझसे बोला कि खेत की फसल नही काट सकते सिकमी की तारीख खत्म हो गई है । तो मैने बोला कि अभी मेरी 25/07/25 तक सिकमी की तारीख है । तो इसी बात पर से अमित कौरव ने गंदी गंदी गालियाँ हुये बोला कि खेत से निकल कर चला जा नही तो जान से खतम कर दूँगा और अमित कौरव ने मेरे पीछे ट्रेक्टर दौडाया तो मैं भाग गया नही तो उम्मीद थी कि शायद वह ट्रेक्टर चढाते हुये जान से ही मार डालेगा। इस तरह प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला मायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### हथियार से वार करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब मेरे परिवार के लोग घर पर थें उसी समय पुरानी बुराई को लेकर गांव का हरनाम उर्फ हन्ना कुशवाहा एवं बालचंद कुशवाहा मेरे घर के सामने आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गाली देते हुये लाठी से मारपीट कर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

**आनियंत्रित होकर कार के बिजली खम्बे से टकराने से एक की मौत चार घायल, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**

# शादी समारोह में शामिल होकर वापिस लौट रही कार को पिठहरा के पास हाईवा ने मारी टक्कर







गाडरवारा।


क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौड़ रही भारी भरकम हाईवा व डम्फरो की स्थिति इस तरह से बन चुकी है कि क्षेत्र की सड़के आये दिन खून से रंगती चली जा रही है। हालत यह बनी है कि क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी से राख के आलवा कोयला व रेत का परिवहन करने के लिये दौड़ रहे ओवर लोड़िग डम्फर चालको की मनमानी इस तरह हावी हो चुकी है कि आम लोगों की जिन्दगी मौत के साये में दिखाई देने से नही चूक रही है..? एनटीपीसी की स्थापना को लेकर गाडरवारा क्षेत्र के लोगों ने विकास को लेकर जो सपना संजोया गया था वह आये दिन हो रही मौतों के रूप में सामने आते हुये देखा जा रहा है। हाल यह बने हुये है कि गाडरवारा से करेली की ओर जाने वाला मार्ग हो या फिर पिपरिया की ओर जाने वाले मार्ग की चौड़ाई कम होने के बाद भी इन मार्गो पर राख व कोयला का परिवहन करते हुये जिस प्रकार से भारी भरकम हाईवा, डम्फर सहित ट्राला धमाचौकड़ी मचाये हुये है उसका परिणाम है कि शायद ही ऐसा कोई दिन शेष रहता होगा जब क्षेत्र में मौत की खबर सुनाई न दे रही हो..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो प्रदेश के कौने कौने में फोर लाईन यानि की वनवे सड़को का निर्माण होते हुये देखा जा रहा है। मगर गाडरवारा क्षेत्र का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि गाडरवारा से प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर तथा प्रदेश की राजधानी भोपाल का जोड़ने वाले इस प्रदेश स्तर के मार्ग को आज तक किसी भी जन प्रतिनिधि को फोर लाईन में तब्दील करने के लिये आवाज उठाते हुये देखा गया हो..? मगर यह बात जरूर है कि जिम्मेदार नेताओं द्वारा क्षेत्र में संचालित होने वाले एनटीपीसी हो या फिर कोयला खदान से निकलने वाली सामग्री के परिवहन के लिये जरूर उन से जुडे हुये लोगों को स्थापित करते हुये भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी करने के लिये प्रयास करने में पीछे दिखाई नही देते है..? इसी का परिणाम है कि इस समय गाडरवारा क्षेत्र की सड़के जहां क्षेत्रवासियों के लिये विकास की जगह विनास का कारण साबित होते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी बात की सच्चाई बीते हुये रविवार की रात उस समय देखने मिली जब समीपस्थ सांईखेड़ा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर ग्राम पलोहाबड़ा निवासी भूरा उर्फ हरिराम पिता रघुनाथ गुर्जर उम्र लगभग 35 साल, राजेश पिता हाकम सिंह गुर्जर उम्र लगभग 28 साल, मधु पिता तुलसी उम्र लगभग 40 साल, हाकम पिता चंदन उम्र लगभग 50 साल तथा लक्की पिता शेर सिंह उम्र लगभग 19 साल यह पांच लोग अपनी आल्टों कार क्रमांक MP- 49 -C - 5186 से रात 9 बजे के लगभग वापिस आ रहे थें। उसी समय गाडरवारा से पिपरिया की ओर जा रहे एक हाईवा डम्फर ने ग्राम कामती पिठहरा के पास कार को टक्कर मार दी गई जिसके चलते कार आनियंत्रित होते हुये सड़क किनारे लगे हुये 11 के व्ही विद्युत लाईन के खम्बे से टकराने के चलते जहां खम्बा टूटकर अनेक भागों में विभावित हो गया। वही के परखच्चें उड़ने के साथ कार पलट गई। इस तरह कार के पलट जाने की स्थिति में पांच लोग कार के अंदर भी फंस जाने की स्थिति में ग्रामीणों द्वारा पहले तो इन लोगों को निकालने का प्रयास किया गया जिसके चलते चार लोगों को निकालकर आटों सहित अन्य वाहनों की मदद से उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। मगर कार करे चला रहा भूरा उर्फ हरिराम पिता रघुनाथ गुर्जर उम्र लगभग 35 साल इस तरह फसा की उसे निकालना मुश्किल हो रहा था। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर नगर निरीक्षक विक्रम रजक अपनी टीम के साथ पहुंचे जब कही कार में फंसे हुये भूरा गुर्जर को कटर के माध्यम से कार को काटते हुये बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की गई। मगर जब तक भूरा की मौत हो चुकी थी। वही दूसरी ओर सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना की खबर चंद मिनिटों के अंदर आग की तरह फैलने के कारण जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम ने तुरंत शासकीय चिकित्सालय पहुंचकर जहां घायलो के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई तो दूसरी ओर डाक्टरों से चर्चा करते हुये तुरंत उन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय रेफर कराते हुये भेजा गया। वही दूसरी ओर घटना को अंजाम देकर मौके से भाग चुके हुये हाईवा डम्फर की खोजबीन के लिये भी नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी अलग अलग टीमें भेजने के साथ ही समीपस्थ थानों को सूचना दी गई जिसके चलते पुलिस द्वारा हाईवा डम्फर को भी पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह घटित हुई घटना में जहां आल्टो कार चालक भूरा उर्फ हरिराम पिता रघुनाथ गुर्जर उम्र लगभग 35 साल निवासी पलोहा बड़ा की मौके पर ही मौत हो गई है तो दूसरी ओर अन्य चार लोग जो गंभीर रूप से घायल हुये थें उन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है उसमें दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है..? इस तरह एक ही गांव के निवासी लोगों के घटना में एक की मौत व चार लोगों के घायल होने की खबर फैलते ही देर रात तक नगर के शासकीय चिकित्सालय में भीड़ का आलम बना रहा तो दूसरी ओर शांति व्यवस्था बनाने के लिये भारी पुलिस बल तैनात रहा। ज्ञात हो कि जिस स्थान पर यह घटना घटित हुई है वह स्थान इस तरह की घटनाओं के लिये प्रमुख स्थान बन चुका है। क्योंकि एक तो यह राज्य स्तरीय मार्ग होने के चलते यहां से 24 घंटे भारी भरकम लम्बी दूरी के वाहनों की धमाचौकड़ी बनी ही रहती है तो दूसरी ओर अंधा मोड़ होने के साथ साथ मार्ग की चौड़ाई कम रहवासी क्षेत्र होने के चलते आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है...?

## जगत जननी के जयकारों से गूंज रहा संपूर्ण नगर, घर में कन्या रहना साक्षात जगदम्बा के समान होता है- दीनबंधु




**गाडरवारा।** नगर के पलोटनगंज स्थित शक्ति धाम मंदिर परिसर में चल रहे माँ देवी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चलते जहां संपूर्ण नगर के माँ जगत जननी के जयकारों से गूंज रहा है। वही दूसरी ओर शक्तिधाम में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालुजन कथा का श्रवण कर रहे है। शक्तिधाम पलोटन गंज में मां दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित शतचंडी महायज्ञ व देवी पुराण कथा में प्रवक्ता परम पूज्य दीनबंधु शरण महाराज ने प्रवचन में कहा कि लोग आज घर में पुत्र जन्म के लिए पागल हो रहे है। मगर पुत्री के जन्म की महिमा को नही समझ पा रहे है। पुत्री का जन्म होने पर उतनी खुशियाँ नही मनाई जाती। जबकि जिनके घर कन्या का जन्म होता है वो बहुत भग्यावान होते है। पुत्र पिछले जन्म के कर्ज से पैदा होता है। मगर किसी के घर में बिटिया उसके पुण्यों से जन्म लेती है। क्योंकि जिस घर में कन्या रहती है तो वह साक्षात जगदम्बा होती है। यही कारण है कि लोग आये दिन नवरात्र हो या फिर अन्य अवसर पर कन्याओं को बुलाकर उनका पूजन तो करना चाहते है मगर घर में कन्या पैदा होने पर दुखी दिखाई देते है। कन्या पूजन को तो लोग याद रखते है। मगर कन्या के पालन से परहेज क्यों..। भले ही पुत्र अपने माता पिता को भूल जाए। मगर बेटियाँ कभी नही भूलती है। सदा ही बेटियां दोनों कुलो का नाम रोशन करती है। जब वह पिता के घर में रहती है तो देवी जगदम्बा के रूप में होती है और जब शादी के बाद अपने पति के घर जाती है तो वहां पर लक्ष्मी के रूप में हो जाती है। इस दौरान कथा वाचक महाराज ने देवी पुराण के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि जिस तरह माँ जगत जननी की सेवा करते हुये देखे जाते है। मगर उन्हें माता रानी की सेवा करने के पहले बुरे कार्मो को छोड़ना चाहिये। क्योंकि माँ सदा ही अपने सच्चे भक्त की सेवा को स्वीकार करते है दिखावा को नही। इस तरह प्रतिदिन माता रानी के पुराण की कथा सुनने के लिये महिलाओं सहित भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही भव्य यज्ञ शाला में श्रद्धालुजन धार्मिक अनुष्ठान कर परिक्रमा रहे हैं । शक्ति धाम परिवार द्वारा संगीतमय श्रीदेवी पुराण का विशाल आयोजन 1 मार्च से प्रारंभ हो चुका है जो 7 मार्च तक चलेगा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 6 तक मंदिर परिसर कथा स्थल पर प्रवचन कथा वाचक पंडित दीनबंधु शरण शर्मा श्रीधाम वृंदावन द्वारा दिये जा रहे है। इसके अलावा शत चंडी महायज्ञ में यज्ञाचार्य पंडित भगवान दास शास्त्री इंदौर के सानिध्य में अनुष्ठान किया जा रहा है।

## माँ नर्मदाजी की परिक्रमा पर निकले हुये दादा गुरू महाराज के नगर आगमन पर जगह जगह हुआ भव्य स्वागत



**गाडरवारा।** देश दुनिया की अकल्पनीय अखंड निराहार माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा के तृतीय चरण की परिक्रमा पर निकले हुये तपस्वी व अवधूत संत दादा गुरू का बीते हुये सोमवार को नगर आगमन होने पर जहां तहां पूजन करते हुये लोगों ने उनका स्वागत किया गया। बताया जाता है कि दादा गुरू द्वारा बीते हुये 15 नबंबर 2024 कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर अखंड निराहार रहते हुये अपनी परिक्रमा के तृतीय चरण की शुरूआत ओंकारेश्वर से प्रारंभ की गई थी। माँ नर्मदाजी को प्रदूषण मुक्त कराने के लिये दादा गुरू के नाम से महसूर संत बीते हुये लगभग चार सालों से भोजन त्याग को त्याग कर सिर्फ नर्मदाजी का जल पीकर अपनी परिक्रमा को जारी रखते हुये भ्रमण कर रहे है और लोगों के बीच नर्मदाजी को प्रदूषण से मुक्त कराने का संदेश देते हुये देखे जा रहे है। इस तरह दादा गुरू नर्मदाजी का जल पीकर न केवल स्वास्थ्य है बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से भी फिट रहते हुये भ्रमण करते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि दादा गुरू के साथ अनेक राज्यों के लगभग आधा दर्जन सैकडा से अधिक परिक्रमावासी साथ चलते हुये देखे जा रहे है। ज्ञात हो कि दादा गुरू के सानिध्य में माँ नर्मदाजी, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण पर अनेक कार्याशालाये आयोजित हो चुकी है। दादा गुरू कहते है कि माँ नर्मदाजी हमारे लिये अनमोल धरोहर है और इसका स्वरूप पचाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस तरह माँ नर्मदाजी की परिक्रमा पर तीसरी बार निकले हुये दादा गुरू नर्मदाजी के पथ पर आने वाले सभी स्थानों पर सत्संग, प्रवचन देते हुये आगे की ओर जा रहे है। इस प्रकार माँ नर्मदाजी की परिक्रमा वासी दादा गुरू के नगर प्रवेश करते ही जहां उनका जहां तहां भव्य पुष्प वर्षा करते हुये स्वागत करते हुये लोगों ने पूजन अर्चन करते हुये दर्शन लेकर पुण्य लाभ लिया गया। वही दादा गुरू सहित उनके साथ चल रहे अन्य परिक्रमावासी संतों का जत्था नगर की पुराना गल्ला मंडी से निकलते हुये सराफा बाजार, झंडाचौक से निकलते हुये शिवालय चौक, महावीर भवन मार्ग से पानी टंकी, पलोटन गंज से निकलकर सीधे रेल्वे स्टेशन राजबंश होटल पहुंचे जहां पर दादा गुरू के शिष्य लवनी खनूजा के यहां पर पहुंचने पर उनके द्वारा पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान मुख्य मार्गो की व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित भारी पुलिस बल साथ चल रहा था तो दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पार्षद आनंद दुबे, गोलू साहू, राजेश मोहन शर्मा, राव उदय प्रताप कौरव, सुनील राजपूत, शुभम राजपूत सहित अन्य लोग उनके साथ चल रहे थें।



## मस्जिदों में सामूहिक रोजा इफ्तार की हुई शुरूआत



**गाडरवारा।** इस्लाम धर्म में रमजान रहमत व बरकत वाला महीना होता है । रमजान में इबादत करने का 70 गुना सबाब मिलता है । हर महीने से ज्यादा तिलावत करते हुए रोजा रखकर तराबीह पढ़कर मुस्लिम बंधु अल्लाह की इबादत में मशगूल रहते है। इस तरह रमजान का पवित्र महीना आत्म शुद्धि और दूसरों की मदद करने का संदेश के साथ नेक काम करने का पैगाम देता है। रमजान के महीने में सच्ची नियत और पाकीजा दिल के साथ की गई हर नेक दुआ कुबूल होती है । रमजान में जो लोग जरूरत मंदों की मदद, खैरात जकात व लोगो के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार करता है। उन बंदों पर अल्लाह खुश होता है रमजान के महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है। बताया जाता है कि इस महीने में जितनी इबादत की जाए कम होती है । इसी के चलते इस समय चल रहे रमजान की रौनक ओर तराबीह की बरकत से नगर में एकता भाईचारे का माहौल दिखाई दे रहा है । शाम को मगरिब के वक्त का मंजर मस्जिदों में काफी खुशनुमा नजर आता है । रोजेदार सामूहिक रूप से मगरिब की अजान होते ही रोजा इफ्तार करते है । जामा मस्जिद में भारी तादाद में रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया । फैजान ए मदीना मस्जिद व छोटी मस्जिद में भी प्रतिदिन सामूहिक रोजा इफ्तार जारी है । सभी मस्जिदों में बाहर से आए हुए हाफिज ए कुरान हाफिजो द्वारा तराबीह पढ़ाई जा रही है । रमजान के पहला अशरा चल रहा है रमजान महीने के पहले दस दिनों के अशरे में जो नेक काम करता है। वही दूसरी ओर जरूरतमंदों की मदद करता है, दान खैरात जकात देता है। नेक सुलूक के साथ लोगो से पेश आता है अल्लाह उन पर अपनी रहमत बरसाता है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमान को कसरत के साथ अल्लाह से रहमत व बरकत के लिए दुआ मांगनी चाहिए अल्लाह अपने बंदों की दुआ जरूर कबूल करता है । नगर में रमजान का एक अलग ही वातावरण नजर आ रहा है मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर तिलावत कर इबादत में जुटे हुए है । मस्जिदों में अमनो अमान, एकता भाईचारे, देश की तरक्की खुशहाली के लिए दुआ की जा रही है।

## पशुओं में अनोखी बीमारी दिखाई देने से लोग हो रही परेशान



**सांईखेडा।** कोरोना महामारी के बाद जिस तरह बीते हुये साल से पशुओं में अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलने को लेकर जहां पशु मालिको में चिंता देखने मिल रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस गाडरवारा सांईखेडा मार्ग पर भ्रमण करते हुये एक गाय में देखने मिली। बताया जाता है कि गांय के शरीर पर अजीव की प्रकार के दाने दाने दिखाई पड़ जो रूद्राक्ष की भांति नजर आ रहे थे। इस तरह गाय के शरीर पर इस तहर की बीमारी को देखकर जहां पशु मालिक अपने पशुओं को लेकर चिंता में नजर आने से नही चूक रहे है। मगर वही दूसरी ओर पशु विभाग इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नही दे पा रहा है।

## सड़क दुर्घटनाओं में मृत होने के बाद वाहन बदलने की चर्चाओं से पुलिस की भूमिका पर खड़े हो रहे है सवाल..?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

क्षेत्र में आये दिन जिस तरह वाहन दुर्घटनाये घटित होने के बाद जब किसी व्यक्ति की मौत होने की सच्चाई सामने आती है तो पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपनी जांच के चलते मामला तो कायम किया जाता है। मगर इसके बाद जिस तरह की चर्चाये सुनाई देने के साथ साथ पुलिस की भूमिका पर आरोप लगाते हुये लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा जांच के दौरान धन के लालच में वाहन बदल दिया जाता है...। इन चर्चाओं का लेकर पुलिस की भूमिका सहित जांच पर सबाल खड़े होने से नही चूक रहे है..? इस सच्चाई के पीछे क्या राज छिपा हुआ है इसका तो नही पता। मगर बीते हुये कुछ महिनों से समीपस्थ पलोहा, सांईखेड़ा, सालीचौका सहित गाडरवारा पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं में मौत होने के चलते जांच के दौरान वाहन बदलने के आरोप लगना आम बात हो चुकी है..? इस संबंध में कानून के कुछ जानकारो का कहना है कि जब किसी दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो मृतक के साथी या फिर परिजन घटना को अंजाम देने वाले वाहन का नम्बर पता से अनविज्ञ रहते है। इस स्थिति में कुछ लोग इस तरह की घटनाओं पर पहले से ही नजर रखे हुये होते है जो पुलिस को धन का लालच देते हुये अपने मन मुताबिक वाहन को घटना में शामिल कराते हुये उस पर भारी भरकम बीमा राशि या फिर अन्य कानूनी फायदे प्राप्त करने में पीछे नही रहते है..? इस तरह वाहनों की अदला बदली का फर्जी कारोबार पुलिस की मिली भगत से कुछ दलालों द्वारा बीते हुये लम्बे समय से खुलेआम खेला जा रहा है। मगर इस ओर सक्षम अधिकारियों द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि इस गोरख धंधे में लिप्त लोगों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है..?


## अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहा प्रशासन, मुसीबत में फंसे राहगीर, वाहन चालक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है, वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है।**

गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है । वही देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओंर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है, बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो का बालि का बकरा बना देते है। इन लग्जरी रंगी बिरंगी कार मेनो की इस तिकडम का नतीजा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है और शहर में खुलेपन का माहौल नही बन पा रहा है, प्रशासन, नपा. से शहर के निवासियो ने गुहार लगायी है कि वह शहर को अतिक्रमण के जंजाल से मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

खबर संक्षेप

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना जागरूकता कार्यक्रम हेतु कार्यशाला संपन्न




**डिंडौरी।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में छात्र छात्राओं को भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में जागरूक और करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम संस्था प्रभारी प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी देवप्रकाश उईके ने छात्र छात्राओं को विस्तार से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही रूपेंद्र वरकड़े द्वारा आवेदन करने हेतु पात्रता व पंजीयन प्रक्रिया का उल्लेख किया गया इस कार्यक्रम हेतु। पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में निम्न बिंदुओं के अनुसार भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की वित्तीय लाभ सहित इंटर्नशिप होगी, आयु 21-24 वर्ष के बीच, पूर्णकालिक शिक्षा में संलग्न नहीं दूरस्थ ऑनलाइन कार्यक्रमों की अनुमति हैं, पूर्ण कालिक रोजगार में नहीं, योग्यता 10 वीं पास, 12 वीं पास, स्नातक या पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा, छात्रों को एक बार मिलने वाली विधि सहायता 6000 रुपए इंटर्नशिप शुरू करने पर, छात्रों को हर माह मिलने वाली वित्तीय सहायता 5000 रूपए इंटर्नशिप के दौरान, इंटर्नशिप पूरा होने पर भागीदार कंपनी से छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजित एक दिवसीय इस कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय स्टाफ एवं अध्ययनरत छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**शहपुरा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय शहपुरा एवं आदिवासी बालिका छात्रावास शहपुरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रशासक वन स्टॉप सेन्टर डिंडौरी सविता धार्वे, परामर्शदाता निकिता मरकाम, विधिक सलाहकार स्मिता चौरसिया, केस वर्कर रितु खांडे, केस वर्कर रागिनी धुर्वे द्वारा बालिकाओं को वन स्टॉप सेन्टर (सखी), महिला हेल्पलाइन (181), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह रोकने हेतु किए जा रहे प्रशासन के प्रयास, बाल विवाह के दुष्प्रभाव के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय शहपुरा की समस्त पर्यवेक्षक स्टॉफ और छात्रावास अधीक्षिका भी उपस्थित रहीं।

## स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल बिछिया में आठ दिवसीय ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का हुआ समापन



**शहपुरा।** विगत आठ दिवस से स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल ग्राम देवरी बिछिया में आयोजित हो रहे ऋग्वेद पारायण एवं श्री राम कथा का 2 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ जिसमें सेंकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुति प्रदान की। यज्ञ में गुरुकुल संचालक आचार्य धीरेन्द्र पांडेय जी ने क्षेत्र के लोगों को वैदिक सनातन धर्म पर चलने की प्रेरणा दी।राजस्थान से पधारे मुख्य वक्ता आचार्य सोमदेव आर्य ने वेदों का महत्व, यज्ञ का महत्व बताया। अपने इतिहास को पढ़ने की प्रेरणा दी।बरेली से आए पं भानु प्रकाश ने भजनों के माध्यम से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। स्वामी श्रद्धानंद वैदिक गुरुकुल डिंडोरी जिले का एकमात्र ऐसा गुरुकुल है जहां पर बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा सनातन धर्म की शिक्षा शास्त्र के साथ शास्त्र की शिक्षा भी दी जाती है

## जमा राशि दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों का निवेश, आईडीसीएस इंडिया पर उठ रहे सवाल..?

# कलेक्टर ने कहा अवैधानिक वित्तीय संस्थान संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

### सेबी में गैर पंजीकृत नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा आईडीसीएस इंडिया चिटफंड कंपनियों की तर्ज पर क्या निवेशकों को लगेगा करोड़ों का फटका

डिंडौरी न्यूज।

**आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में अब तक सैकड़ों वित्तीय संस्थानों ने गैर कानूनी तरीके से पैर पसारते हुए आम लोगों को राशि जमा कराने पर कम समय में दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों अरबों रुपयों की चपत लगाने की घटना कुछ वर्षों पहले हो चुकी हैं।**

एक तरफ केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक निवेशकों /उपभोक्ताओं को जागरूक करने जागरूकता रथ से लेकर कॉलर ट्यून के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं, वही दूसरी और मोटे मुनाफा का लालच देकर डिंडौरी में आमजनों से लाखों रूपये निवेश कराया जा रहा हैं, कंपनी की नीति को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहें हैं। एक अनुमान के मुताबिक पूर्व वर्षों में डिंडौरी जिले में संचालित कथाकथित चिटफंड कंपनियों ने सेबी में अनुबंधित शर्तों के विरूद्ध मनमाने ढंग से वित्तीय कारोबार करते हुए 100 करोड़ रुपए से अधिक राशि हेराफेरी कर गायब हो चुके है, इसके बावजूद शासन प्रशासन की आंखे नहीं खुली और आज भी गैर कानूनी तरीके कथित वित्तीय संस्थान आरबीआई , सेबी के नियम कानूनों के विरुद्ध आम जनों को राशि दोगुना करने का लॉलीपॉप पकड़ा कर कारोबार कर रहे हैं। ऐसा ही एक कथित वित्तीय संस्थान आईडीसीएस इंडिया नामक संस्थान मुख्य मार्ग के किनारे शहर के भव्य भवन में लग्जरी ऑफिस संचालित करते हुए निवेशकों को जमा धनराशि में 10% फीसदी तक ब्याज दर और 20लाख रुपए की एफडी करने पर एक साल में दोगुना राशि भुगतान करने का दावा कर रहा है। सूत्रों की माने तो धोखाधड़ी और जमा राशि वापस नहीं किए जाने के मामले को लेकर कई निवेशकों ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया है लेकिन पुलिस अधिकारी निष्पक्ष जांच और कार्रवाई करने की बजाय निवेशको और कथित बैंक संचालकों के बीच में मध्यस्थता कराये जाने की भूमिका निभा रहें है, इस तरह की जानकारी निवेशकों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया है। कथित बैंक द्वारा जारी बुकलेट के अनुसार 1 लाख जमा राशि पर 3%प्रतिमाह, से लेकर 21 लाख रूपये की एफड़ी पर 9.50% मासिक ब्याज दिए जाने का सब्जबाग़ निवेशकों को दिखा कर राशि जमा कराया जा रहा हैं, इंटरनेट पर आईडीसीएस इंडिया से जुड़े जानकारी खंगालने पर मात्र डोमेन ही दिखाई दे रही हैं, सेबी में कंपनी से जुड़े कोई जानकारी अपडेट नहीं हैं, इसके साथ ही कंपनी में द्वारा कहा और किन योजना परियोजना में निवेशकिया जा रहा हैं जिससे निवेशकों को मोटी रकम लौटाया जा सकेगा, इसकी भी जानकारी नदारत है। ऐसे में यदि गैर कानूनी ढंग से वित्तीय कारोबार करने वाली कंपनी रातो रात डेरा बांध कर भाग जाए तो किसी को अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए....?




**इनका कहना है,,**

शहर में यदि गैर कानूनी ढंग से वित्तीय कारोबार किया जा रहा हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**श्रीमति नेहा मारव्या,**
**कलेक्टर डिंडौरी**



## एक माह तक मुस्लिम रोजदार रखेंगे रोजा, पूरे माह चलेगा इबादत का दौर

**शहपुरा।** ,इस्लाम धर्म के पांच प्रमुख फर्ज में रोजा एक फर्ज है। जो माहे रमजान की आमद के साथ पूरा एक माह रखा जाता है, इबादत के महिना रमजान की आमद होने वाली है। जिसका पहला रोजा संभवतः 02 मार्च को होगा। जानकारी अनुसार रमजान के पवित्र माह में पांचो वक्त की नमाज के अलावा तराबी की विशेष नमाज भी पडी जाती है। इस्लाम धर्म के अनुसार रमजान महिने के पूरे रोजे रखना हर मुसलमान पर फर्ज है, रोजे का अर्थ होता है रूकना, परहेज करना और दूर रहना, क्योंकि रोजदार सुबह सूरज निकलने से पहले और सूरज डूबने तक खाने-पीने और दूसरी तमाम बुराईयों से परहेज करता है। अगर कोई रोजदार इस समय के दौरान कुछ खा ले, पी ले या दूसरी ख्वाहिश पूरी कर ले तो उसका रोजा टूट जाता है। इसी पवित्र माह रमजान में अल्लाह की पवित्र किताब "कुरान" पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारी गई। जिसमें पूरी दुनिया के लोगों की भलाई और बेहतरी तथा अमन, शांति का संदेश दिया गया। माहे रमजान के पूरे माह में कुछ खास तारीखें है, जिनको धर्मावलंबी और रोजदार, उन दिनों को बड़े ही अकीदत के साथ मनाते है। जिसमें माहे रमजान के पहले रोजे को गौसे आजम की यौमे पैदाईश है, इसी के साथ तीसरे, सत्रवें रोजे, इक्कीसवें रोजे एवं सत्ताईसवे रोजे का रमजान के महिने में विशेष महत्व है। माहे रमजान कीआमद को लेकर जिले के मुस्लिम धर्मावलंबियो को बेसब्री से इंतजार था और वह घडी नजदीक आ गई है। माहे रमजान को लेकर मस्जिदो को सजाया जा रहा है और पूरे महिने की विशेष इबादत के लिए माकूल इंतजाम भी किए जा रहे है। इसी क्रम में जिले की सभी मस्जिदो में हाफिजे कुरान, तरावी के रूप में कुरान सुनाने के लिए तैयार है और यह सिलसिला पहले रोजे से सत्ताईसवें रोजे तक चलेगा। माहे रमजान में रोजदारों के लिए सेहरी और इफ्तारी का दौर प्रारंभ हो जाएगा।

# नियमों और दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखा पंचायती खजाने से लाखों रुपए का बंदरबांट

### सरपंच और प्रभारी सचिव ने धुंधले, बिना प्रयोजन, अमान्य फोटो के जरिए कर दिया लाखों रू. का फर्जी भुगतान जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलहरी का मामला

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम पंचायत सिलहरी में सरपंच अमर सिंह और प्रभारी सचिव के द्वारा केंद्रीय सहायता राशि में भारी अनियमितता बरते हुए अंधाधुंध नियम विरुद्ध तरीके से 15 वाँ वित्त की राशि का भुगतान कर बंदरबांट करने का मामला सामने आया है।मामला ग्राम पंचायत सिलहरी के सरपंच, और प्रभारी सचिव के द्वारा 15 वाँ वित्त की टाईट फंड की राशि का गाईडलाइन के विपरीत जैसे कि मानदेय , किराना समान और अन्य व्यव, फर्जी बिल, बिना प्रयोजन , बिना जीओ टैग के फर्जी और अमान्य फोटो लगाकर लाखों रुपए का भुगतान अपने चहेते सप्लायर को मटेरियल खरीदी के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से लाखो रुपये का भुगतान किया गया है, हैरानी की बात ये है कि अधिकारी भी फर्जी, धुंधले बिल अमान्य फोटो बिलों की जांच करे बिना ही लाखों रुपए का बिल पास कर भुगतान कर दिया गया है।

**- दिशा निर्देश के विरुध्द व्यय किया 15वें वित्त की राशि**

15 वां वित्त की राशि का अन्य ऐसे कार्य जो गैर अनुमत्य ना हों और जो जिला स्तरीय प्लानिंग समिति द्वारा अनुसंशा की जावे कि 15वें वित्त आयोग की अनुसंशा अनुसार किसी भी प्रकार का स्थापना व्यय, वेतन ध मानदेय भुगतान, टेंट किराया, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकार्पण समारोह, एयर कंडीशनर, वाहन क्रय, विद्युत बिल, स्वल्पाहार पर व्यय,विज्ञापन ध बैनर पर व्यय का भुगतना इस मद से नहीं करने के निर्देश दिए गए है बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

**पारदर्शिता पर पलीता लगा कर धुंधले बिलो से किया भुगतान**

ग्राम पंचायत सिलहरी के ई ग्राम स्वराज में लगे बिलों के अनुसार 2024-25 से 2025- 26 में 15वें वित आयोग के लगभग लाखों रुपयों के बिलों का भुगतान बिना प्रयोजन, बिना जीओ टैग के फर्जी और अमान्य फोटो लगाकर सरपंच,सचिव के द्वारा बंदरबाट किया गया है। 15 वें वित्त योजना में प्रावधान है कि सरपंच, सचिव को ग्रामसभा में अनुमोदन कराकर ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम में चयनित कार्य को 60 - 40 के रेसियो में कराना होता है। इसके तहत स्वच्छता में 30, शिक्षा में 30, अधो संरचना में 40 प्रतिशत प्लान के तहत केंद्रीय सहायता राशि 15वें वित्त से ग्राम पंचायत का विकास करना होता है, लेकिन जीपीडीपी कुछ बनाते है और खर्च कुछ और कर रहे है।गांवों के विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय मद के 15वें वित्त की प्राप्त राशि का ग्राम पंचायत सिलहरी में गजब ही घोटाला किया जा रहा है। इस मद के लाखों रुपयों की बंदरबांट सरपंच, सचिव और जनपद पंचायत के अधिकारी कर रहे है। इस मद की राशि के आहरण की भी गजब तोड़ इस तिकड़ी ने निकाल ली है। मजे की बात यह है कि सरकारी धन हड़पने का ऐसा खेल एक अकेले नहीं या बल्कि पूरे जिले की ग्राम पंचायतों में चल रहा है। यही वजह है कि अधिकांश सरपंच , सचिव खाक से फलक तक जा पहुंचे है। 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग और आहरण के लिए सरकार की गाइड लाइन के अनुसार यदि किसी को 50 हजार से ऊपर का भुगतान करना है तो उसके लिए तकनीकी स्वीकृति जरूरी होती है। इससे बचने के लिए सरपंच, सचिवों और जनपद के अफसर ने गजब तोड़ निकाल ली है। इस तोड़ के अनुसार 49 हजार, 45 हजार रुपए का आहरण किया जाने लगा है। इस योजना में एक विशेष बात यह भी है कि जीओ टैग जरूरी होता है, लेकिन यहां इस फार्मूले पर भी धता बताया जा रहा है। 50 हजार के नीचे की राशि में न तकनीकी स्वीकृति की आवश्यकता होती है न ही जीओ टैग की। सचिव, सरपंच अपनी मनमानी से मनचाहे हिसाब से खर्च दर्शाकर राशि का गबन कर रहे है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय गतिविधियों, अभियानों, सीएम हेल्पलाईन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों को साकारात्मक जवाब देते हुए संतुष्टि के साथ निराकरण कराने पर प्राथमिकता दें। निराकरण के लिए सभी उचित जबाव प्रस्तुत करें। अपर कलेक्टर शुक्ला ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों के तहत नजूल प्रकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों को पर विस्तृत समीक्षा कर तत्संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की व्यवस्थाओं और परीक्षा आयोजन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला ने बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने आगामी ग्रीष्मऋतु के मद्देनजर सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति कराने एवं उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पेयजल संबंधी मुद्दों के लिए कन्ट्रोल रूम बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मानक सीमा से अधिक लाउड स्पीकर संचालन के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित तहसीलदार सूचना प्राप्त होने पर पुलिस विभाग के साथ मिलकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने अंतर्विभागीय मुद्दों की जानकारी लेते हुए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



## जिला प्रशासन के प्रयासों से लगातार रोके जा रहे बाल विवाह

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जनपद पंचायत बजाग के वनग्राम जल्दा में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। जानकारी के अनुसार वर की आयु आदर्श आयु से कम पायी गयी, संयुक्त टीम ने परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फल स्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।

# सीएम राइज भवन की छत में जगह - जगह आई दरार

### तकनीकी अधिकारियों और ठेकेदार की सांठगांठ से चल रही हैं लीपा पोती का खेल

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मध्यप्रदेश सरकार की मंशानुसार जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की शिक्षा - दीक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए जिले के जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ( ग्राम पंचायत देवरी माल) अमरपुर सीएम राइज स्कूल भवन नवनिर्माण कार्य कार्य कराया जा रहा हैं, सूचना बोर्ड के जानकारी अनुसार विभाग का नाम जनजाति कार्य विभाग , कार्य एवं स्थल का नाम निर्माण कार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल अमरपुर जिला डिण्डौरी , तकनीकी स्वीकृति राशि 2257.66 लाख, प्रशासकीय स्वीकृति 3023.88 , निर्माण एजेंसी मध्यप्रदेश पुलिस अवास एवं अधोसंरचना विकास विभाग निगम जबलपुर संभाग - 02 मेसर्स विनय गुप्ता भोपाल कार्य पूर्ण करने की अवधी 18 माह (वर्षाकाल सहित) स्वीकृत निविदा दर 8.52/एस ओ आर (2022) से कम निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण कार्य संबंधी सूचना बोर्ड तो लगाया गया हैं लेकिन निर्माण कार्य संबंधी विभागीय तकनीकी अधिकारी कर्मचारियों व संबंधित ठेकेदार का संपर्क मोबाइल नंबर नहीं लिखा गया हैं और मौके पर उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारियों के व्दारा संबंधित तकनीकी अधिकारियों व ठेकेदार का संपर्क मोबाइल नंबर नहीं दिया जाता हैं, जिससे निर्माण कार्य संबंधी चाही गई,जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकता है , सीएम राइज स्कूल ठेकेदार के कर्मचारियों के व्दारा मिडिया को को खबर कवरेज करने पर परमिशन की मांग कर गुंडागर्दी में उतारूं हैं ,

**सीएम राइज स्कूल भवन का हो रहा हैं घटिया निर्माण-** दिन रविवार को सीएम राइज स्कूल भवन अमरपुर (देवरी) में घटिया निर्माण कार्य की खबर सूत्रों से दिन रविवार को मिला सीएम राइज स्कूल भवन छत में जगह - जगह दरार देखने को मिला हैं, मौके में उपस्थित ठेकेदार के कर्मचारियों के व्दारा बताया गया कि सीमेंट की मात्रा अधिक होने व तराई समय में ना होने के कारण दरार पड़ रहें हैं, ऐसा ही बीम की भी सही भराई नहीं कराया जा रहा हैं , बीम भराई में वाईवेटर का उपयोग नहीं किया जा रहा हैं, जानकारी में बाताया जा रहा हैं कि मिट्टी वाले रेत का निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा हैं, इस प्रकार से लाखों करोड़ों की शासकीय राशि खर्च कर सीएम राइज स्कूल भवन का गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य किया जा रहा हैं , और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के व्दारा ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं , संबंधित तकनीकी अधिकारी कर्मचारियों के सांठ गांठ से घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य किया जना उचित होगा



**घटिया निर्माण कार्य की पोल खुलने को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों में बोखलाहट -** जब मिडिया कर्मियों ने सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण कार्य का खबर कवरेज करने गए और छत में पड़ी दरारों का फोटो वीडियो बनाने लगे तब ठेकेदार के कर्मचारियों में बोखलाहट छा गई मिडिया कर्मियों को फोटो खींचने वीडियो बनाने से रोकने लगे और गुंडागर्दी में उतरूं होकर कहा गया कि तुम किसके परमिशन से आएं हो हम तुम्हें फोटो वीडियो नहीं बनाने देंगे जब-तक आप परमिशन नहीं नहीं दिखाओगे इस प्रकार से घटिया निर्माण कार्य की पोल खुलने को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों ने गुंडागर्दी में उतारूं हों गए ।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा धरना-प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लगातार नर्मदा जी मे अवैध उत्खनन, शहर व गांव सब जगह जुआ सट्टा का कारोबार, गांव गांव अवैध शराब बिक्री, किसानो की समस्याओ एवं महिलाओ व नाबालिग बच्चियो के साथ लगातार हो रहे दुष्कर्म, निर्वाचित जनप्रतिनिधि व प्रदेश सरकार मे मंत्री द्वारा जनता-जनार्दन को भिखारी कहने जैसे इन सभी मुद्दो पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाखन सिंह पटेल जी एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ के द्वारा 5 मार्च को दोपहर 12रू00 बजे से सुभाष पार्क चैराहा में धरना-प्रदर्शन ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है आप सभी क्षेत्रीय जनता-जनार्दन से निवेदन है कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे पंहुच कर कार्यक्रम सफल बनाये।

### होली अवकाश को छोड़कर समस्त अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे पंजीयक पंजीयक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के सभी उप पंजीयक एवं जिला पंजीयक कार्यालय माह मार्च 2025 में 14 मार्च को होली अवकाश को छोड़कर शेष समस्त अवकाश दिवसों में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिए खुले रहेंगे। उल्लेखनीय है कि माह मार्च में शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी उप पंजीयक एवं जिला पंजीयक कार्यालय होली अवकाश को छोड़कर शेष समस्त अवकाश दिवसों में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित खुले रहेंगे। यह जानकारी जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने दी है।

### विद्युत पेंशनरों में रोष

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अधीक्षण अभियंता (सं.सं.) नरसिंहपुर की कार्यप्रणाली से विद्युत पेंशनरों में असंतोष व्याप्त है कारण संगठन को पेंशनरों की समस्याओं से संबंधित चर्चा करने हेतु विगत छ माह से ऐसोसियेशन द्वारा लगातार पत्राचार किया जा रहा है परंतु उन्होंने अभी तक बैठक का आयोजन नहीं किया जिससे पेंशनरों की ज्वलंत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। गणेश कुमार चतुर्वेदी म.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर ऐसोसियेशन नरसिंहपुर शाखा ने मण्डल प्रशासन राज्य शासन के उच्चाधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस संबंध में कार्यवाही कर संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश प्रदान करें। जिससे पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की जाकर कार्यवाही की जा सके।

## वाटरशेड यात्रा अभियान के दौरान विधायक ने भामा में हरी झंडी दिखाकर यात्रा का किया शुभारंभ

# जल हमारे ही जीवन का आधार है- विधायक पटेल





### कार्यक्रम में विधायक ने 52.74 लाख रुपये के विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत जिले की चयनित ग्रामों में वाटरशेड यात्रा अभियान का शुभारंभ तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने सोमवार को किया। उन्होंने दूसरे घटक के अंतर्गत परियोजना क्रमांक एक जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत भामा में रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने व अन्य जनप्रतिनिधियों ने 52.74 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। यहां विधायक श्री पटेल ने ग्राम पंचायत भामा में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास 2.0 के अंतर्गत 14 लाख 26 हजार रुपये की लागत से अमृत सरोवर निर्माण, 10 लाख 33 हजार रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल, 3 लाख 32 हजार रुपये की लागत से अतिरिक्त कार्य व 2 लाख 85 हजार रुपये की लागत से सीसी नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 21 लाख 98 हजार रुपये की लागत से 6 खेत तालाब के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित ग्रामों में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक ग्रामीणों तक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वाटरशेड विकास 2.0 परियोजना की उपयोगिता, किये गये कार्यों, इनके परिणामों और इनसे ग्रामीणों को प्राप्त हुए लाभों के बारे में जागरूकता व सहभागिता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 3 एवं 4 मार्च को जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत भामा, मनकापुर, ग्वारी व भौंरा में वाटरशेड यात्रा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जल है तो जीवन है, यह हमारे जीवन का आधार है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि स्वयं व अपनों के लिए पानी और मिट्टी को बचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजनरी सोच के कारण भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग मिट्टी और जल संरक्षण के लिए पीएम कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वॉटरशेड विकास घटक की योजना को क्रियान्वित कर रही है। इस वॉटरशेड के अंतर्गत चेक डेम, बोरी बंधान, मेढ़ बंधान, खेत तालाब जैसी कई संरचनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ये सभी काम अकेले सरकार नहीं कर सकती, इसमें समाज का भी सहयोग बेहद जरूरी है। इसमें हर गांव, किसानों, पंचायतों, जनप्रतिनिधि, माता व बहनों, एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को जोड़ना है। ये महज यात्रा नहीं बल्कि धरती को बचाने की यात्रा है। जल और मिट्टी दोनों ठीक दशा में न रहें, तो हमारी जिंदगी और आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना होगा। विधायक श्री पटेल ने कहा कि पानी आज विश्व का सबसे बड़ा मुद्दा है। हमें पानी बचाने, भू- जल स्तर को ठीक करना है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के बारे में सोचना चाहिये। इस अवसर पर नगर परिषद तेंदूखेड़ा अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र गंगोलिया, सोनू महाराज, राजू अग्रवाल, शिवदयाल खेरोनिया, रामकुमार ठाकुर, श्रवण श्रीवास्तव, लता लोधी, रामशरण, राघवेंद्र सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे।

## सहारा इंडिया से पैसा कब मिलेगा लोगों को



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सहारा संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया कि सेविंग के लिए सहारा बैंक में आम जनता द्वारा जमा पूंजी की गई थी। लेकिन कई वर्ष बीतने के बावजूद भी अभी तक जमा की राशि प्राप्त नहीं हुई। लोग भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। गरीब लोगों को सेविंग की राशि मिलने से लोगों को अपने जरूरत के कार्य करने में मदद मिलेगी, क्योंकि हम लोगों ने एक-एक पैसा जमा करके कुछ सेविंग जमा की जो आज तक न मिलने के कारण लोग आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता ने लगातार राष्ट्रीय चैनलों के माध्यम जनता में संदेश दिया था कि आम जनता का एक-एक पैसा मिलेगा लेकिन अभी तक लोकसभा चुनाव होने के 1 वर्ष होने को है लेकिन अभी तक आम जनता अपनी सेविंग किए हुए रुपए की तलाश कर रही है,वही जो शहर की जमीन थी, लेकिन उनका आज तक कुछ पता नहीं कि उन जमीनों क्या हुआ, और जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा 5000 करोड रुपए फ्री किए थे उसमें से कितने रुपए आम जनता में पहुंचे। आखिर कब तक लोगों को पैसा मिलेगा। ज्ञापन देते समय समिति के अध्यक्ष मनजीत छाबड़ा, बुद्धि प्रकाश विश्वकर्मा, रक्षित जैन, रजनीश जैन, महेश रैकवार, मुन्ना रैकवार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## विद्युत पेंशनर एसोसियेशन का प्रातीय सम्मेलन सम्पन्न

### अन्य पेंशनर संगठन भी लामबंद होंगे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मं.प्र. विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसियेशन जबलपुर के बेनर तले प्रांतीय अधिवेशन एवं पेंशनर सम्मान समारोह ऐसोसियेशन के प्रांतीय सचिव एल.पी. अग्रवाल की अध्यक्षता में बैतूल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.के. जायसवाल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेंशनरों की व्याप्त समस्याओं पर विस्तार पूर्वक विचार करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव को नौ सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें पेंशनरों की महगांई राहत, पेंशन की गांरटी, कैशलेश चिकित्सा बीमा, छठवें सातवे वेतनमान का ऐरियस, कम्यूटेशन की कटौती, पेंशनरों की आयु के अनुसार पेंशन वृद्धि, रिक्त पदों पर नियुक्ति, पेंशनरों को एक्सग्रेसिया, पेंशनर को फी बिजली आदि के संबंध में चर्चा की गई थी। प्रांतीय सम्मेलन में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि निकट भविष्य में राज्य सरकार के अन्य पेंशनर संगठनों के साथ मिलकर भोपाल में विशाल धरना, प्रदर्शन, आंदोलन का आयोजन किया जावें। जिससे कि सरकार का ध्यान पेंशनरों की समस्याओं की ओर जावें। सम्मेलन में वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में ऐसोसियेशन की नरसिंहपुर शाखा की ओर से हरप्रसाद कहार एवं गणेश कुमार चतुर्वेदी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं आश्वासन दिया कि नरसिंहपुर शाखा की ओर से किसी भी प्रर्दशन, रैली, आंदोलन आदि में अपनी भागीदारी दी जावेगी। सम्मेलन को प्रदेश से विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिनिधियों ने सम्बोधित कर भोपाल में होने वाले विशाल प्रदर्शन, धरना, रैली आदि कार्यक्रम को सम्पन्न करने में सहमति जताई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैतूल शाखा के अध्यक्ष डी.पी. तिवारी, एम.एम.अंसारी आदि की भूमिका रही।

## पूर्व राज्यसभा सांसद ने आधार सेवा केंद्र का किया उद्घाटन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** करेली बस्ती में पुरानी तहसील के पीछे जनपद कार्यालय के सामने जनपद शिक्षा केंद्र में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के द्वारा किया गया। आधार सेवा केंद्र में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों के नए आधार कार्ड, पुराने आधार कार्ड में त्रुटि सुधार, मोबाइल फोन नंबर अपडेट, फोटो अपडेट जैसे अन्य कार्य किये जायेगे। इस अवसर पर कैलाश सोनी ने फीता काटकर आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि कैलाश सोनी, रमेश कोचर, जितेंद्र स्वामी का पुष्पहार से स्वागत अंकुर चैरसिया एवं अंशुल चैरसिया द्वारा किया गया। माननीय कैलाश सोनी ने कहा कि नागरिकों की लंबे समय से आधार सेवा केंद्र की मांग थी नागरिकों की आवश्यकता को देखते हुए आधार कार्ड सेवा केंद्र खोला गया है।

# अतिथि शिक्षकों का 12 माह का किया जाए कार्यकाल

### अप्रेल माह से सेवायें हो जाती हैं समाप्त

**तेंदूखेड़ा।** विगत 17 18 सालों से अपने नियमितीकरण की मांग कर रहे अतिथि शिक्षकों द्वारा फिर से अपनी पुराने मांगों को प्रखर करते हुए अपना कार्यकाल 12 माह करने की मांग की है।इन शिक्षको का कहना है कि इनकी सेवायें मात्र अप्रेल माह तक ही ली जाती है। फिर उन्हें सितंबर अक्टूबर से पापड़ बेलने के बाद रखा जाता है। विगत विधानसभा चुनाव के पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 सितंबर को महापंचायत बुलाकर 50 प्रतिशत भर्ती में आरक्षण 12 माह का कार्यकाल और अधिकतम 20 बोनस अंक तथा विभागीय परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए घोषणा हुई थी। लेकिन उन घोषणाओं पर सरकार द्वारा आज तक अमल नहीं किया गया है। शैक्षणिक सत्र की समाप्ति के उपरांत 30 अप्रैल के बाद अतिथि शिक्षकों की सेवाएं भी समाप्त हो जाती हैं फिर ऐसे समय में कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों की मध्य बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाती है और जब सत्र प्रारंभ होता है तब अगस्त सितंबर तक अतिथि शिक्षकों को पुनः अपने कार्य के लिए बुलाया जाता है, परंतु यह खेल कब तक इन लाचार अतिथि शिक्षकों के साथ खेला जाता रहेगा। वर्तमान समय में बहुत से अतिथि शिक्षक ट्रांसफर नीति और प्रमोशन के कारण या पदोन्नति के कारण अपने पद से पृथक हो चुके हैं सरकार पृथक हुए उन सभी अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करते हुए शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा लेकर उनका नियमितीकरण करें ताकि उन लाचार अतिथि शिक्षकों के भविष्य को एक साकार दिशा में न्याय मिल सके। मध्यप्रदेश ही एक मात्र ऐसा राज्य रह गया है जहां अतिथि शिक्षकों का आज भी शोषण किया जा रहा है। अन्य राज्यों में जहां भाजपा पूर्ण बहुमत में है वहां भी सरकारों द्वारा अतिथि शिक्षकों के लिए स्थाई नीति बनाकर उन्हें नियमितीकरण प्रदान किया गया है। अतिथि शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष शिवकुमार सोनी चांवरपाठा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल पाठक ने अपनी विज्ञप्ति में मांग की है कि सरकार हम अतिथि शिक्षकों की भविष्य के साथ खिलवाड़ ना करते हुए सभी शिक्षकों की भांति समान कार्य समान वेतन और विभागीय परीक्षा लेकर नियमितीकरण का रास्ता प्रशस्त किया जाये। चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों का कहना है कि उनका कार्यकाल 12 माह का करते हुए विभागीय परीक्षा लेकर नियमित किया जाए।

### उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन में प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं मॉडल स्कूल लखनादौन प्रवेश परीक्षा दिनांक रविवार 09 मार्च 2025 को होने जा रही है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड 222.द्वश्चह्यशह्य. ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दिये गये है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु परीक्षार्थी स्वयं या किसी भी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर पर जाकर म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेब साईड से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार सोमवार 03 मार्च को हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा 84 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज 18084 परीक्षार्थियों में से 17630 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये एवं 454 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी हुये गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं श्रीमती पूजा पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में गुंडा बदमाशो एवं चाकूबाजो पर निरंतर अंकुश लगाने के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जाती रही है। बीते 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि होने से पुलिस हर चौक चौराहों पर मुस्तैद थी उसी दौरान बारापत्थर क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना हुई। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये तुरंत मौके पर जाकर हमराह स्टाफ के घटना तस्दीक कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

विगत 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दिन प्रार्थी सत्यम बघेल ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि पुस्तैनी जायजाद बेचने के वाद विवाद के चलते मनीष बघेल एंव उसके साथियो ने कार से आकर घायल को गाली गलौच कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया था जिससे आवेदक को गंभीर व प्राणघातक चोट आई है। घटना उपरांत आरोपीगण मौके से फरार हो गये थे घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के अथक प्रयासों के उपरांत घटना के मुख्य एवं सहयोगी आरोपीयो मनीष पिता राममिलन बघेल 29 वर्ष निवासी पी.डब्लु.डी. कालोनी सिवनी, सागर डोंगरे पिता राधेश्याम डोंगरे 24 वर्षनिवासी डूण्डासिवनी को रविवार 02 मार्च को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है। तो वहीं फरार आरोपी शुभ पटेल निवासी मंगलीपेठ सिवनी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू एवं एक कार मारूती सुजुकी फ्रांग्स जप्त की है। उल्लेखनीय है कि आरोपी मनीष बघेल पूर्व में अवैध रूप से स्नैक बिक्री एवं अन्य आपराधिक मामलो में गिरफ्तार हो चुका है साथ ही सागर डोंगरे के डुण्डासिवनी थाना क्षेत्र में भी आपराधिक मामले है चाकूबाजी करने वालो के विरूद्ध इसी तरह से स ती जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, उ.नि. देवेन्द्र उइके, आरक्षक प्रतीक बघेल, इरफान खान एवं चीता स्टाफ का योगदान रहा।

# आर्थिक संपन्नता की दृष्टि से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं

## डेढ़ करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में लगभग डेढ़ करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि हर किसान को समृद्धशाली बनाने फसलों को खेत खेत पानी पहुंचाने के लिए चिनकी परियोजना शुरू की जा रही है।नल जल योजनाओं के माध्यम से हर घर पानी पहुंचाने का काम हमारी सरकार कर रही है और जल संरक्षण ज़मीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में गांव गांव तालाब खोदे जा रहें हैं साथ ही प्रधानमंत्री कृषि परियोजना एवं वाटर शेड योजनाओं के माध्यम से अमृत सरोवर योजना का रथ गांव गांव घूम रहे हैं। सरकार द्वारा किसान आम युवा वर्ग बुजुर्ग और महिलाओं को बगैर किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है निर्धन वर्ग को सबल मजबूत बनाने आर्थिक संपन्नता की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है।



1 करोड़ 50 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन -तेंदूखेड़ा के समीप ग्राम करोंदी भामा मनकापुर और टेकापार में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा 1 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत के शासन की योजनाओं के कार्यों का जिसमें करोंदी में 37 लाख रुपए की लागत का ग्राम पंचायत भवन ग्राम भामा में वाटरशेड योजना में 21 लाख रुपए लागत का खेत तालाब 14 लाख रुपए की लागत का अमृत सरोवर 10 लाख रुपए लागत की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्री 3 लाख रुपए लागत की नाली निर्माण कार्य एवं मनकापुर में 11 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन एवं 25 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण एवं ग्राम टेकापार में 11 लाख रुपए की लागत का आंगनबाड़ी भवन सहित निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया एवं प्रधानमंत्री कृषि परियोजना के अंतर्गत अमृत सरोवर योजना 2 के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु शर्मा राजीव अग्रवाल शिवदयाल खैरोनिया देवेंद्र गंगोलिया शोभाराम सिंह ठाकुर देवीराम राठौर गुड्डी बाई ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ठाकुर नारायण मेहरा सोनू महाराज रामकुमार ठाकुर चंदशेखर पटेल महेंद्र शर्मा रामशरण ठाकुर पुरषोत्तम पटेल सोबरन सिंह सीताराम पटेल लता लोधी एवं जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी सुनील द्विवेदी वाटरशेड इंजीनियर शिवनारायण शर्मा ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक सचिव पटवारी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।